2

पत्रांक–06/खा0 म0 पटना (नीति)–02/2026– 336 (6)/रा0,

**बिहार सरकार**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/
सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–18/06/2026

विषय :– **सरकारी भूमि के अन्तर्विभागीय, निःशुल्क एवं स्थायी हस्तान्तरण करने की शक्ति का प्रत्यायोजन करने के संबंध में।**

प्रसंग :– **विभागीय संकल्प सं0–359(6)/रा0, दिनांक–19.05.2014**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक संकल्प के माध्यम से 03 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि तथा 03 एकड़ से अधिक 05 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि के निःशुल्क हस्तान्तरण की शक्ति क्रमशः समाहर्त्ता एवं प्रमण्डलीय आयुक्त को प्रत्यायोजित की गई थी।

2. ज्ञातव्य हो कि माननीय मुख्यमंत्री की "समृद्धि यात्रा" के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि लघु परियोजना के क्रियान्वयन हेतु भूमि हस्तान्तरण की वर्तमान प्रक्रिया में समय लग रहा है।

3. उक्त परिप्रेक्ष्य में जनहित की परियोजनाओं को गति प्रदान करने तथा समयबद्ध निष्पादन हेतु समाहर्त्ता/प्रमण्डलीय आयुक्त को प्रत्यायोजित शक्तियों के पुनरीक्षण की आवश्यकता महसूस की गयी। अतः सम्यक विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा समाहर्त्ता/प्रमण्डलीय आयुक्त को पूर्व में प्रत्यायोजित शक्तियों को संशोधित करते हुए निम्नवत् निर्णय लिया गया है :–

**(क) 10 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण, चाहे वे जिस उद्देश्य से हो, की शक्ति समाहर्त्ता को प्रत्यायोजित की जाती है।**

**(ख) 10 एकड़ से अधिक 20 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण, चाहे वे जिस उद्देश्य से हो, की शक्ति प्रमण्डलीय आयुक्त को प्रत्यायोजित की जाती है।**

**(ग) 20 एकड़ से अधिक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन से होगा।**

5. प्रासंगिक संकल्प को इस हद तक संशोधित समझा जाय। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

6. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

18/6/26
(जय सिंह)
सचिव

ज्ञापांक–06/खा0 म0 पटना (नीति)–02/2026– 336 (6)/रा0, पटना–15, दिनांक–18/06/2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/6/26
(जय सिंह)
सचिव

ज्ञापांक–06/खा0 म0 पटना (नीति)–02/2026– 336 (6)/रा0, पटना–15, दिनांक–18/06/26

प्रतिलिपिः–मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(जय सिंह) 18/6/26
सचिव

ज्ञापांक–06/खा0 म0 पटना (नीति)–02/2026– 336 (6)/रा0, पटना–15, दिनांक–18/06/2026

प्रतिलिपिः–विभागीय आई0टी0 मैनेजर को वेबसाइट पर अपलोड हेतु प्रेषित।

(जय सिंह) 18/6/26
सचिव